राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम / जनसंचार
पाठ-1: संचार: एक परिचय
कार्यपत्रक - 1

1. मनुष्य विभिन्न प्रकार से अपने विचारों का आदान-प्रदान करता है। आपके विचार से आदि-मानव अपनी भावनाओं को कैसे व्यक्त करते थे ?

2. हमारे दैनिक जीवन में संचार का महत्वपूर्ण स्थान है। अपने घर में तथा दोस्तों के साथ प्रयुक्त होने वाले संचार के दो उदाहरण लिखें।

3. अपने मित्र के साथ बातचीत में आप किस प्रकार के संचार का प्रयोग करते हैं ?

4. अपने परिवार के साथ जब आप कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान घर पर हैं, तो किस प्रकार के अशाब्दिक संचार का प्रयोग हो रहा है। उल्लेख करें ?

5. विद्यालय में आप किस प्रकार के औपचारिक तथा अनौपचारिक संचार का उपयोग करते हैं? उपयुक्त उदाहरण दीजिए।

6. आपने कोई रैली अवश्य देखी होगी। रैली के दौरान किस प्रकार के संचार का प्रयोग किया जाता है ? समूह और लोक संचार के मध्य दो अंतर स्पष्ट करें ।

7. आप मोबाइल के माध्यम से प्रतिदिन अपने दोस्तों को कई चित्र संदेश भेजते हैं। इनमें से 'स्माइली' किस प्रकार के संचार को दर्शाता है ? दो उदाहरणों के साथ चित्र बनाएँ।

8. 'लिखित संचार शब्दों और विचारों को स्थायित्व प्रदान करता है'। इस कथन को ध्यान में रखते हुए मौखिक संचार की तुलना में लिखित संचार के लाभ लिखिए।

9. अंतर-वैयक्तिक संचार की व्याख्या अपने शब्दों में करते हुये दो उदाहरण प्रस्तुत कीजिये ।

10. गांधी जी के तीन बंदरों की शरीर संचलन मुद्राएँ आपने अवश्य देखी होंगी। आप अपने शरीर संचलन से टैक्सी को रोकने के लिए किस के संचार का उपयोग करेंगे. उल्लेख करें।